समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# 'पंचायत सीजन 5' की तैयारी शुरू, रिंकी उर्फ सांविका ने बताया कब होगी शूटिंग और रिलीज।

Publisher | Published on 24 Jun 2025




## 'पंचायत 4' की सफलता के बाद अब दर्शकों को अगले सीजन का इंतजार, रिंकी ने इंटरव्यू मे दिया 'सीजन 5' पर बड़ा अपडेट।

**पंचायत सीजन 5 को लेकर रिंकी ने दी खुशखबरी**

**Panchayat Season 5:** अमेज़न प्राइम वीडियो की सुपरहिट वेब सीरीज '**पंचायत**' के चौथे सीजन के रिलीज होते ही फैंस ने **सीजन 5** की मांग शुरू कर दी है। दर्शकों के इस उत्साह को देखते हुए, सांविका (जो 'रिंकी' का किरदार निभा रही हैं) ने एक इंटरव्यू में पुष्टि कर दी है कि '**पंचायत सीजन 5**' की स्क्रिप्टिंग शुरू हो चुकी है और **रिलीज 2026** तक हो सकती है।

**कब होगी शूटिंग और रिलीज ?**

दिए गये एक इंटरव्यू में सांविका ने कहा, "सीजन 5 की स्क्रिप्टिंग शुरू हो चुकी है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस साल के आखिर तक या अगले साल की शुरुआत में इसकी शूटिंग शुरू हो जाएगी। रिलीज अगले साल के मध्य तक संभव है।"

उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत जैसे सीरीज के लिए हर सीजन की राइटिंग बेहद ध्यान से की जाती है, ताकि गांव की जिंदगी और किरदारों की गहराई सही तरह से दिखाई जा सके।

**पंचायत 4 मे रिंकी का किरदार और सीजन की झलक**

**सीजन 4** में रिंकी का किरदार पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और परिपक्व नजर आया। सांविका ने बताया, "रिंकी अब न सिर्फ खुद के लिए, बल्कि अपने परिवार के लिए भी खड़ी होती है। उसने अपनी मां (मंजू देवी) को प्रधान पद की लड़ाई में सपोर्ट किया, जो कि

सीजन 4 का भावनात्मक पक्ष था।”

**पंचायत 4 की स्टारकास्ट**
**नीना गुप्ता – मंजू देवी**
**सुनीता राजवर – क्रांति देवी**
**जितेंद्र कुमार – सचिव जी**
**सांविका – रिंकी**
**चंदन रॉय – विकास**
**फैसल मलिक – प्रह्लाद**
**पंकज झा – विधायक चंद्र किशोर सिंह**
**दुर्गेश कुमार – भूषण**
**अशोक पाठक – उप-रोल्स मे**

**क्या कह रहे है फैसं ?**

सोशल मीडिया पर फैंस ने **सीजन 4** की तारीफों के पुल बांध दिए हैं और ‘**पंचायत 5**’ को लेकर **#Panchayat5** ट्रेंड कर रहा है। लोगों को उम्मीद है कि अगला सीजन भी ग्राम पंचायत की **राजनीति, सादगी** और **हास्य** से भरपूर होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.